प्रभात वाणी
यदि आप सही हैं तो आप को गुस्सा होने की जरूरत नहीं।

प्रभात

छिपाएंगे नहीं, छापेंगे

facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv

www.subhartimedia.com

मेरठ, मंगलवार, 12 फरवरी 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 | उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड से प्रकाशित | मोदी सरकार ने लाख करोड़ की टैक्स चोरी में विफल | पेज-12

सौर विद्युत उपभोक्ता समिति के अध्यक्ष चुने गये प्रो.भरत राज

लखनऊ। प्रभात

सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया में तीसरे पायदान पर है। 2022 के 100 गीगावाट के सापेक्ष विगत दो तीन वर्षो में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के पश्चात 25 गीगावाट पहुंच चुका है। अन्तरिम बजट में इसे और गति से बढ़ाने का अभियान चलाकर 2050 तक 200 गीगावाट का लक्ष्य रखा गया जिससे भारत वर्ष विद्युत ऊर्जा के उत्पादन और खपत में स्वतंत्र होकर अन्य देशों को आपूर्ति करने में सक्षम हो जाय। वरिष्ठ पर्यावरणविद डॉ. भरत राज सिंह महानिदेशक स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज, लखनऊ द्वारा हरित ऊर्जा के क्षेत्र में 'सौर ऊर्जा लगाओ पर्यावरण बचाओ' का विगत 7 वर्षो से अभियान चला रहे हैं।

डॉ. भरत राज सिंह

इसमें लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने तथा शासन व विभाग स्तर पर उनकी समस्याओं को दूर कराने हेतु एक संगठन (सौर विद्युत उपभोक्ता समिति, लखनऊ) का पंजीकरण 25-01-2019 को कराया है। इस समिति के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, सचिव व प्रबन्धक जे.बी. सिंह तथा कोषाध्यक्ष डॉ. धमेन्द्र सिंह चुने गये है। इसके अरिरिक्त उपाध्यक्ष अरुण सिंह आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त), संयुक्त सचिव श्रीमती मालती सिंह, सदस्यगण- सुमित पाण्डेय, विवके सिंह तथा गौरव सिंह है। संस्था सौर विद्युत उपभोक्ता समिति, लखनऊ का मूल उद्देश्य अधिक से अधिक सौर विद्युत उत्पादन व उपभोक्ताओं को राष्ट्र हित में जोड़ना तथा उनकी समस्याओं को दूर कर तीव्र गति से 'व्यक्तिगत-उत्पादकों के माध्यम से हितों व अनुपयोगी स्थलों पर सौर विद्युत को लगवाकर भारतवर्ष को विद्युत उत्पादन में स्वावलम्बी बनाना है।